*सादर प्रकाशनार्थ,*

## राष्ट्रोय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह में अनेकानेक कार्यकम

बाल्को:18.12.2016–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा राजयोग केन्द्र बाल्को के परिसर में राष्ट्रोय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत 21 पोस्टर के साथ सम्पूर्ण ऊर्जा संरक्षण अभियान का शुभारम्भ भारत एल्युमिनियम कंम्पनी के सौजन्य से किया गया। अपनी शुभकामना देते हुए भ्राता पी.एन.मिश्रा प्रबंधक कंम्पनी संवाद बाल्को ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रोय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह में अनेक स्थानों पर जन–जागृति लाने में सफल होगा। भ्राता के.एल.पाण्डेय प्रबंधक टाउनशिप ने कहा कि प्रदर्शनी के छोटे–छोटे पम्पलेट डोर टू डोर पहंचाये जायेगें, जिससे महिलाओं में विशेष उर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता आयेगी। भ्राता कमल कर्माकर पूर्व महाप्रबंधक माकटिंग बाल्को ने कहा कि हमने तो अपने 60 साल कैसे भी करके बिता दिये लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिये जो उर्जा संकट मण्डरा रहा है उसके लिये सजग होना पड़ेगा। योगाचार्य भ्राता डी. के. शर्मा ने कहा कि स्वीच आफ–आन के लिये पब्लिक प्लेस में सेन्सर प्रयोग में लायें जाये जिससे ऊर्जा का संरक्षण हो। भ्राता प्रफल्ल शर्मा, कमल सर्वविद्या, और बहन नागलक्ष्मी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

स्टेट बैंक बाल्को के पास खुले मैदान में प्रदर्शनी लगाकर लोगों में ऊर्जा की बचत के लिये जागरूकता लाई गई। शा.उ.मा.वि बाल्को में आयोजित कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्या बहन मनोकांता पॉल ने कहा कि मेरा एक भाई पावर हाउस में कार्य करता है, उनके जीवन में कोई भी घटना की आशंका रहती है। इसलिये हमें बिजली की कीमत पहचान कर उसका उपयोग करना चाहिए। भ्राता आर.पी.दुबे व्याख्याता ने कहा कि समय–समय पर इस तरह के कार्यकम होते रहना चाहिए। मिनीमाता उ.मा.वि.बालको में आयोजित कार्यकम में भ्राता व्ही.के.सिंह प्राचार्य ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों में जन जाग्रति लायेंगें। ब्रह्माकुमारी विद्या बहन बाल्को ने कहा कि आत्म संयम से मन की ऊर्जा का बचत करने के लिये राजयोग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

ग्राम भंवरखोल में शा.उ.मा.शाला कराईनारा द्वारा आयोजित राष्ट्रोय सेवा योजना शिविर में भी कार्यकम आयोजित किये गये। भ्राता जी.एस.कंवर प्राचार्य ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह के कार्यकम से बच्चों में एक नई चेतना की जाग्रति आयेगी। कार्यकम संयोजक भ्राता आर.एल.सोनवानी ने विभिन्न प्रतियागितायें आयोजित करने क लिये बच्चों को प्रेरणा दी। ब्रहमाकुमारी कुसुम बहन चांपा ने कहा कि जीवन गुलाब की तरह खुशनुमः होना चाहिए। जिससे सभी को खुशबू मिलती रहे।

कोरबा–कलरव बाजार उत्सव में संस्थान द्वारा मेडिटेशन, प्राणायाम, ऐरोबिक के साथ ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका अवलोकन एवं लाभ भ्राता लखनलाल देवांगन संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन, भ्राता पी. दयानंद जिलाधीश कोरबा एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ आम जनता ने भी लिया।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी